रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति की बधाई
राष्ट्रपति भवन : 02 अगस्त, 2020

भारत के राष्ट्रपति, श्री रामनाथ कोविन्द ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कहा है :-

"रक्षा बंधन के पावन अवसर पर, मैं सभी भारतवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

राखी प्रेम, स्नेह और विश्वास का व अटूट धागा है जिसे बहनें अपने भाइयों की कलाई पर बांधती हैं। यह एक ऐसा अनुपम पर्व है जो महिलाओं के हितों की रक्षा करने और उनकी भलाई के लिए काम करने की हमारी इच्छाशक्ति को मजबूत करता है।

आइए इस दिन, हम सब महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति प्रयत्नशील रहने का संकल्प लें ताकि देश और समाज में बढ़-चढ़ कर अपना योगदान दे सकें।"